प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 जून 2022

## भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), मार्च 2022

आज, रिज़र्व बैंक ने मार्च 2022 के अंत[1] के भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति से संबंधित आंकड़े जारी किए।

**मार्च 2022 के अंत में भारत की आईआईपी की मुख्य विशेषताएं**

त्रैमासिक परिवर्तन:

- मार्च 2022 में भारत में गैर-निवासियों का निवल दावा 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान 5.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 359.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया (तालिका 1)।
- निवल दावों में यह वृद्धि भारत में विदेशी स्वामित्व वाली आस्तियों [(-)1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर] में गिरावट की तुलना में भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों [(-)7.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर] में बड़ी गिरावट के कारण हुई थी (तालिका 1)।
- मुख्य रूप से आरक्षित आस्तियों में 26.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी के कारण 20221-22 की चौथी तिमाही के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी आस्तियों में गिरावट आई, जबकि प्रत्यक्ष, पोर्टफोलियो और अन्य निवेश, जैसे कि व्यापार ऋण और मुद्रा और जमा में इस अवधि के दौरान वृद्धि हुई।
- भले ही तिमाही के दौरान आरक्षित आस्तियों में गिरावट आई, लेकिन यह भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों का लगभग दो तिहाई हिस्सा था (तालिका 3)।
- तिमाही के दौरान भारत की विदेशी देयताओं में गिरावट का कारण पोर्टफोलियो निवेश के साथ-साथ मुद्रा और जमा में कमी है।
- अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में बदलाव का देयताओं में बदलाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, जब इसका मूल्यन अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में किया गया, क्योंकि तिमाही के दौरान रुपये में 2.02 प्रतिशत की गिरावट आई।
- कुल बाह्य देयताओं में ऋण देयताओं का हिस्सा मार्च 2022 के अंत तक मामूली रूप से बढ़कर 49.2 प्रतिशत हो गया, जो एक तिमाही पहले 48.5 प्रतिशत था (तालिका 4)।

---

[1] भारत का तिमाही आईआईपी एक तिमाही के अंतराल में प्रसारित किया जाता है। दिसंबर 2021 के अंत के लिए आईआईपी को 31 मार्च 2022 को सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था।

**वार्षिक परिवर्तन**

- 2021-22 के दौरान, भारत में अनिवासियों के निवल दावों में 4.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई: भारत में विदेशी स्वामित्व वाली संपत्ति में वृद्धि (65.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) भारतीय निवासियों की विदेशी संपत्ति में वृद्धि (61.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है (तालिका 1)।

- भारतीय निवासियों की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों में मुख्य रूप से आरक्षित आस्ति (30.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर), प्रत्यक्ष निवेश (17.7 अरब अमेरिकी डॉलर) और व्यापार ऋण (13.0 अरब अमेरिकी डॉलर) में वृद्धि के कारण बढ़ोत्तरी हुई।

- वित्तीय वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो निवेश में 16.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट के बावजूद, भारत में प्रत्यक्ष निवेश (39.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) और अन्य निवेश (42.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर) में भारी वृद्धि के कारण अंतरराष्ट्रीय वित्तीय देयताएं बढ़ीं।

- अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में बदलाव ने देयताओं में परिवर्तन को प्रभावित किया, जब इसका मूल्यन अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में किया गया।

- भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों की तुलना में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय देयताओं का अनुपात मार्च 2022 में बढ़कर 71.9 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पहले 70.8 प्रतिशत था।

**जीडीपी की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों और देयताओं अनुपात (वर्तमान कीमतों पर):**

- वर्तमान बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में, भारत की आरक्षित आस्तियां, निवासियों की वित्तीय आस्तियों के साथ-साथ भारत में गैर-निवासियों के दावों में वर्ष 2021-22 के दौरान गिरावट आई (तालिका 2)।

- सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में गैर-निवासियों के निवल दावों का अनुपात में सुधार होकर मार्च 2022 में (-)11.6 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पहले (-)13.2 प्रतिशत था।

**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/451**

## तालिका 1: भारत की समग्र अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)

| अवधि | मार्च-21 (आसं) | जून-21 (आसं) | सितंबर-21 (आसं) | दिसंबर-21 (आसं) | मार्च-22 (अ) |
|---|---|---|---|---|---|
| निवल आईआईपी (क-ख) | **-355.2** | **-330.8** | **-335.6** | **-354.2** | **-359.8** |
| क. **आस्तियां** | **859.5** | **895.4** | **932.3** | **927.9** | **920.6** |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | **193.9** | **199.6** | **203.8** | **208.1** | **211.6** |
| 1.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 122.7 | 125.6 | 128.1 | 130.9 | 132.8 |
| 1.2 ऋण लिखत | 71.2 | 74.1 | 75.8 | 77.2 | 78.8 |
| **2. पोर्टफोलियो निवेश** | **7.9** | **7.9** | **8.6** | **9.7** | **10.6** |
| 2.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 2.3 | 3.1 | 4.6 | 6.1 | 1.1 |
| 2.2 ऋण प्रतिभूतियाँ | 5.6 | 4.8 | 4.0 | 3.6 | 9.5 |
| **3. अन्य निवेश** | **80.6** | **76.8** | **84.5** | **76.5** | **91.1** |
| 3.1 ट्रेड क्रेडिट | 5.6 | 7.9 | 11.8 | 12.9 | 18.6 |
| 3.2 ऋण | 13.3 | 13.6 | 10.8 | 8.9 | 10.5 |
| 3.3 करेंसी और जमाराशियां | 42.4 | 35.9 | 42.3 | 34.8 | 42.1 |
| 3.4 अन्य आस्तियां | 19.2 | 19.4 | 19.6 | 19.9 | 19.9 |
| 4. **आरक्षित आस्तियां** | **577.0** | **611.1** | **635.4** | **633.6** | **607.3** |
| **ख. देयताएं** | **1,214.6** | **1,226.2** | **1,267.8** | **1,282.1** | **1,280.4** |
| **1. प्रत्यक्ष निवेश** | **482.1** | **493.7** | **506.7** | **514.2** | **521.7** |
| 1.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 456.9 | 468.0 | 480.7 | 487.9 | 494.0 |
| 1.2 ऋण लिखत | 25.2 | 25.7 | 26.0 | 26.3 | 27.7 |
| 2. **पोर्टफोलियो निवेश** | **278.5** | **277.8** | **282.6** | **277.1** | **262.4** |
| 2.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 177.3 | 176.2 | 177.0 | 172.8 | 156.4 |
| 2.2 ऋण प्रतिभूतियाँ | 101.2 | 101.6 | 105.5 | 104.3 | 106.0 |
| **3. अन्य निवेश** | **454.0** | **454.7** | **478.5** | **490.8** | **496.4** |
| 3.1 ट्रेड क्रेडिट | 100.3 | 102.1 | 104.4 | 113.5 | 118.2 |
| 3.2 ऋण | 197.5 | 197.2 | 201.2 | 204.1 | 205.0 |
| 3.3 करेंसी और जमाराशियां | 143.8 | 143.1 | 142.9 | 143.5 | 141.0 |
| 3.4 अन्य देयताएं | 12.4 | 12.3 | 30.0 | 29.8 | 32.2 |
| **मेमो मद: देयताओं की तुलना में आस्ति अनुपात (%)** | **70.8** | **73.0** | **73.5** | **72.4** | **71.9** |

आसं: आंशिक संशोधित, अ: अनंतिम

पूर्णांकन के कारण संघटक मदों का योग कुल योग में नहीं जोड़ा गया है।

**तालिका 2: सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में बाह्य वित्तीय आस्तियों और देयताओं का अनुपात**

(प्रतिशत)

| अवधि | मार्च-20 (सं) | मार्च-21 (आसं) | मार्च-22 (अ) |
|---|---|---|---|
| **निवल आईआईपी (आस्तियां-देयताएँ)** | **-14.1** | **-13.2** | **-11.6** |
| **A. आस्तियां** | **26.9** | **31.8** | **29.4** |
| **1. प्रत्यक्ष निवेश** | **6.9** | **7.2** | **6.8** |
| 1.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 4.5 | 4.6 | 4.3 |
| 1.2 ऋण लिखत | 2.4 | 2.6 | 2.5 |
| **2. पोर्टफोलियो निवेश** | **0.1** | **0.3** | **0.3** |
| 2.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | - | 0.1 | - |
| 2.2 ऋण प्रतिभूतियाँ | 0.1 | 0.2 | 0.3 |
| **3. अन्य निवेश** | **2.0** | **3.0** | **2.9** |
| 3.1 ट्रेड क्रेडिट | - | 0.2 | 0.6 |
| 3.2 ऋण | 0.3 | 0.5 | 0.3 |
| 3.3 करेंसी और जमाराशियां | 1.0 | 1.6 | 1.3 |
| 3.4 अन्य आस्तियां | 0.7 | 0.7 | 0.6 |
| **4. आरक्षित आस्तियां** | **17.9** | **21.3** | **19.4** |
| **ख. देयताएं** | **41.0** | **45.0** | **41.0** |
| **1. प्रत्यक्ष निवेश** | **15.7** | **17.9** | **16.7** |
| 1.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 14.8 | 17.0 | 15.8 |
| 1.2 ऋण लिखत | 0.9 | 0.9 | 0.9 |
| 2. **पोर्टफोलियो निवेश** | **8.8** | **10.3** | **8.4** |
| 2.1 इक्विटी और निवेश निधि शेयर | 5.1 | 6.6 | 5.0 |
| 2.2 ऋण प्रतिभूतियाँ | 3.7 | 3.8 | 3.4 |
| **3. अन्य निवेश** | **16.5** | **16.8** | **15.9** |
| 3.1 ट्रेड क्रेडिट | 3.9 | 3.7 | 3.8 |
| 3.2 ऋण | 7.3 | 7.3 | 6.6 |
| 3.3 करेंसी और जमाराशियां | 5.0 | 5.3 | 4.5 |
| 3.4 अन्य देयताएं | 0.3 | 0.5 | 1.0 |

**नोट: - नगण्य**

सं: संशोधित, आसं: आंशिक संशोधित, अ: अनंतिम

### तालिका 3: भारत की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों और देयताओं की संरचना

(प्रतिशत)

| अवधि | मार्च-21 (आसं) | जून-21 (आसं) | सितंबर-21 (आसं) | दिसंबर-21 (आसं) | मार्च-22 (अ) |
|---|---|---|---|---|---|
| **क. आस्तियां** | | | | | |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | 22.6 | 22.3 | 21.9 | 22.4 | 23.0 |
| 2. पोर्टफोलियो निवेश | 0.9 | 0.9 | 0.9 | 1.1 | 1.1 |
| 3. अन्य निवेश | 9.4 | 8.6 | 9.1 | 8.2 | 9.9 |
| 4. आरक्षित आस्तियां | 67.1 | 68.2 | 68.1 | 68.3 | 66.0 |
| **आस्तियां/देयताएँ** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| **ख. देयताएँ** | | | | | |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | 39.7 | 40.3 | 40.0 | 40.1 | 40.7 |
| 2. पोर्टफोलियो निवेश | 22.9 | 22.6 | 22.3 | 21.6 | 20.5 |
| 3. अन्य निवेश | 37.4 | 37.1 | 37.7 | 38.3 | 38.8 |

### तालिका 4 : भारत के बाह्य ऋण और गैर-ऋण देयताओं का हिस्सा

(प्रतिशत)

| अवधि | मार्च-21 (आसं) | जून-21 (आसं) | सितंबर-21 (आसं) | दिसंबर-21 (आसं) | मार्च-22 (अ) |
|---|---|---|---|---|---|
| गैर-ऋण देयताएं | 52.2 | 52.5 | 51.9 | 51.5 | 50.8 |
| ऋण देयताएं | 47.8 | 47.5 | 48.1 | 48.5 | 49.2 |
| कुल | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |